# बैंक का शिविर बना खानापूर्ति

**खास बातें**
- उपभोक्ताओं की समस्याओं का नहीं हुआ समाधान
- जरूरतमंद लोगों को महीनों लगाने पड़ रहे चक्कर




**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर 11 सितम्बर, आजीविका मिशन कार्यालय में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैंकों की बैठक खानापूर्ति बनकर रह गई.लगाये गये शिविर में विभिन्न बैंकों के मैनेजर एवं रिजर्व बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे, लेकिन क्षेत्र के उपभोक्ताओं और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की उम्मीदें अधूरी रह गई.उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि बैठक में उनकी समस्याएं न तो सुनी गईं और न ही समाधान का आश्वासन दिया गया.**

क्षेत्र के अनेक उपभोक्ता लंबे समय से बैंकों की कार्यप्रणाली से परेशान हैं. स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्हें सीसीएल की राशि जारी करवाने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है.वहीं, सरकार की योजनाओं और सब्सिडी आधारित योजनाओं का लाभ लेने में भी बैंक स्तर पर लापरवाही बरती जाती है.गरीब व ज़रूरतमंद लोग महीनों तक लोन के लिए चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन समाधान नहीं मिलता.

### क्या कहता है पीड़ित

मोहनपुर निवासी रामबाबू बंसल ने बताया कि वह पिछले दो महीने से यूको बैंक के चक्कर काट रहे हैं. लेकिन अब तक सरकार की योजना के तहत लोन नहीं मिल पाया है. उनका कहना है कि बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के साथ सौम्य व्यवहार नहीं करते, जिससे आमजन की परेशानी और बढ़ जाती है.

### निराशा ही हाथ लगी

बैठक में बड़ी संख्या में महिलाएं और उपभोक्ता अपनी समस्यायें लेकर पहुँचे थे.लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी.उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि बैठकें सिर्फ औपचारिकता निभाने तक सीमित रहेंगी तो ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक नहीं पहुँच पाएगा.

# मजदूरों से भरा मैजिक ऑटो पलटा

**घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान**

**सिरोंज पुलिस व डायल 112 टीम का सराहनीय कार्य**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज11 सितम्बर, थाना सिरोंज क्षेत्र अंतर्गत इमलानी रोड टेकरी पर हाजीपुर से मोतीगढ़ जा रहा मजदूरों से भरा मैजिक ऑटो गुरुवार को सुबह अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें पुरुष एवं महिला करीब 30 मजदूर सवार थे. बाद में घायलों को स्थानीय चिकित्सालय उपचार के लिए लाया गया. घटना में अधिकतर मजदूरों को सामान्य चोटें आने की जानकारी मिली है. वहीं दो महिलाओं को सिर में चोट आने से प्राथमिक उपचार उपरांत विदिशा रेफर किया गया है.**

जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही थाना सिरोंज पुलिस व 112 डायल वाहन मौके पर पहुंचे. तथा घायलों को उपचार के लिए तत्काल शासकीय अस्पताल सिरोंज पहुंचाया. गंभीर घायल महिलाओं को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय विदिशा भेजा गया. सिरोंज पुलिस द्वारा वाहन को जब्त किया गया है. तथा प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है. इस मामले में सिरोंज पुलिस व डायल 112 टीम की सराहनीय भूमिका रही.

**एक नजर में**

### किसानों की समस्याओं को लेकर आज सौंपेंगे ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** तहसील क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ द्वारा आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा जाएगा.जानकारी देते हुए जिला सह मंत्री रितेश जैन ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर 12 सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम में पठारी तहसील क्षेत्र के सभी किसान एकत्रित होंगे जहां भगवान श्री बलराम जी की जयंती मनाई जाएगी एवं सभी किसान श्री करेली धाम से अपने-अपने टू व्हीलर वाहनों द्वारा रैली के रूप में तहसील परिषद पहुंचेंगे.जहां तहसीलदार को किसने की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा जाएगा.

### नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया जावेगा. जिसमें पक्षकारों की आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा. जिससे पक्षकारों के धन, समय अन्य परेशानियां से राहत मिलेगी. इसके लिए सिरोंज अभिभाषक संघ के सदस्यों द्वारा सक्रिय रहकर मामलों में राजीनामा कराने का प्रयास किया जा रहा है. नगर में लोगों को नेशनल लोक अदालत में होने वाले लाभों से अवगत कराने के लिए नगरपालिका द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है.

### नदी तालाब में पितृ तर्पण के लिए पहुंच रहे लोग

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले कड़े दिनों में अपने-अपने पितरों को मोक्षगामी बनाने के लिए दर्पण किया जा रहा है. जिसके लिए लोग प्रतिदिन सुबह बगरू नदी और तालाब पर पहुंच कर पितृ दर्पण कर रहे हैं जिससे परिवार में सुख शांति बनी रहे एवं पितरों को मोक्ष मिल सके यह प्रथा चली आ रही है.जिस को लोग आज भी निभा रही है.

## 15 लाख लूटने का प्रयास करने वाले आरोपी सीसीटीवी कैमरा में कैद

**नवभारत न्यूज**


**गंजबासौदा, बरेठ रोड ग्राम हथोड़ा के पास अनाज व्यापारी के मुनीम के साथ मारपीट करने और उससे 15 लाख रुपए कि लूट करने का प्रयास करने वाले लुटेरों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अनाज व्यापारियों ने पुलिस को तीन दिन का समय दिया था तथा चेतावनी देते हुए कहा था की आरोपी नहीं पकड़े गए तो कृषि उपज मंडी में वह नीलामी बोली नहीं लगाएंगे और पुलिस के विरोध में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताएंगे.**

जब यह जानकारी विदिशा पुलिस अधीक्षक को मिली तो वह गंजबासौदा आए और कृषि उपज मंडी प्रांगण में पहुंचे और पूरी जानकारी ली.आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले बरेठ रोड सड़क किनारे दुकानों पर लगे कैमरे भी देखे गए जिसमें आरोपी दिखाई दिए.इस आधार पर पुलिस सक्रिय हो गई है और सीसीटीवी कैमरा के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से कहा कि आरोपी शीघ्र ही पकड़े जाएंगे.

व्यापारियों ने कहा की इस रोड पर पुलिस को पेट्रोलिंग करना चाहिए तथा यहां पुलिस चौकी खुलना भी जरूरी है.मंडी प्रांगण में अपराधी घूमते रहते हैं उन पर लगाम लगना चाहिए शराब की दुकान यहां से हटना चाहिए और भी अनेक मुद्दों पर पुलिस अधीक्षक से अनाज व्यापारियों ने चर्चा की.

## बारिश थमते ही बीमारियों का छाया प्रकोप

**स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक**



**नवभारत न्यूज**

**सांची, लगातार हुई बारिश से भले ही लोगों को अब राहत मिल गई हो, लेकिन बारिश थमते ही बीमारियों ने दस्तक दे दी है. स्थिति यह है कि नगर में घर-घर बीमारी फैल रही है और अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लग गई हैं.**

इस वर्ष की लगातार बारिश ने जहां किसानों की फसलों को बर्बाद किया, वहीं अब लोग सर्दी-जुकाम, खांसी-बुखार और वायरल जैसी बीमारियों से बेहाल हैं.मच्छरों की बढ़ती तादाद ने डेंगू और मलेरिया का खतरा और बढ़ा दिया है.नगर परिषद कीटनाशक छिड़काव तो कर रही है, लेकिन नतीजे नगण्य हैं.

सबसे गंभीर स्थिति यह है कि इतनी बड़ी संख्या में बीमारियां फैलने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है.न तो कोई बचाव संबंधी निर्देश जारी किए गए और न ही कोई जागरूकता अभियान चलाया गया। अस्पतालों में दवाओं और सुविधाओं की कमी से मरीज और उनके परिजन परेशान हो रहे हैं, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी हालात पर आंख मूंदे बैठे हैं. इसी बीच नगरवासियों का आक्रोश भी सामने आने लगा है.लोगों का कहना है कि जब तक चुनाव नहीं आते तब तक विभाग को जनता की सेहत की कोई चिंता नहीं रहती. नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन और स्वास्थ्य अमला सिर्फ कागजों पर सक्रिय है, जबकि हकीकत में लोग अपने परिवारजनों को लेकर अस्पतालों की चौखट पर भटकने को मजबूर हैं.

जनता ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे.सवाल अब यही है कि आखिर कब टूटेगी स्वास्थ्य विभाग की नींद और कब मिलेगा लोगों को बीमारियों से राहत मिल सके.

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

लटेरी,बुधवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांत अध्यक्ष सलभ भदोरिया के मार्गदर्शन पर विदिशा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपर कलेक्टर निकिता तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया.ज्ञापन के माध्यम से संघ ने अवगत करते हुए कहा कि हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग ने पत्रकार कल्याण बीमा कराने का विज्ञापन जारी किया है.उसमें इस बार फिर अधिमान्यता और गैर अधिमान्य पत्रकारों के सभी आयु वर्ग के दो लाख और पांच लाख रुपए की बीमा की प्रीमियम राशि काफी बढ़ा दी है तथा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी लगा दिया है.मध्य प्रदेश सरकार श्रमजीवी पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा और दुर्घटना बीमा योजना वर्ष 2025-26 के लिए बढ़ाई गई प्रीमियम राशि को और उस पर लगे जीएसटी को सहानभूतीपूर्वक शून्य करे.इसके साथ ही मध्य प्रदेश में पांच लाख तक की पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना नि:शुल्क लागू किए जाने की घोषणा करें.साथ ही पत्रकार स्वास्थ्य बीमा राशि शून्य करने की मांग का तीन दिवस में निराकरण किया जाए.आवेदन की तिथि 22 सितंबर से 30 सितंबर तक बढ़ाने का कष्ट करें. ज्ञापन के दौरान संभागीय उपाध्यक्ष एमजेड खान, जिला उपाध्यक्ष रुपेश आर्य ,विदिशा ब्लॉक आरके बासु, चेतराम साहू, माधव प्रसाद दुबे, मुजीबखान आदि शामिल थे.

## कथा में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**नंदलाल की झांकी ने मोहा मन**

**बाल लीलाओं का हुआ वर्णन**




**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** नगर के गुना बाईपास क्षेत्र में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया. जिससे सारा वातावरण भक्तिमय नजर आया. इस दौरान नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों के साथ भक्त देर तक झूमते और नृत्य करते रहे. वही कथावाचक पं. प्रेमानंद महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया. उन्होंने कहा कि जब-जब संसार में अन्याय और अधर्म बढ़ता है. तब-तब प्रभु अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं. उन्होंने जीवन में अच्छे संस्कार और माता-पिता व गुरु की आज्ञा का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को हमेशा भागवत कथा, सत्संग और भजन-कीर्तन में शामिल करना चाहिए. क्योंकि इससे उनमें नैतिकता और आचरण की भावना विकसित होती है. कार्यक्रम में नंदलाल की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई. जिन्हें देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये और भगवान के जयकारों के साथ नृत्य करते रहे. कथा के समापन पर सामूहिक आरती एवं प्रसादी वितरण हुआ.

## विद्यार्थियों को हर संभव मदद कर रही भाजपा सरकार-विधायक

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,स्थानीय सांदीपनि विद्यालय कुरवाई में मुख्यमंत्री के ईक्कस्कूटी वितरण कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारियों पत्रकारों ने छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर देखा. इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह सप्रे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की सरकार विद्यार्थियों को हर संभव अर्थिक मदद के साथ अनेक अवसर प्रदान कर रही है.**

शासन के द्वारा साइकिल, गणवेश, पुस्तके, लेपटॉप और स्कूल टॉपर्स को स्कूटी क्रय करने लगातार सहायता दी जा रही है.प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अब यह भी घोषणा कर दी है कि छात्र-छात्राएं अपनी योग्यता से विदेश जाकर शासकीय व्यय पर शिक्षा प्राप्त कर सकते है. कार्यक्रम में नवागत सब डिविजनल मजिस्ट्रेट मनीष जैन ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन जरूरी है.जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी ने कहा कि विगत वर्षो में म प्र शासन ने विद्यार्थियों को हर संभव सुविधाये प्रदान की गई हैं. विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागडी ने ई-स्कूटी वितरण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकास खण्ड के 9 विद्यार्थियों को आज शासन द्वारा ई-स्कूटी हेतु राशि प्रदाय की गई है.

## ब्राह्मण तथा अग्नि दोनों समान माने गए-पंडित केशव गुरु

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**, छैल बिहारी मंदिर में रामायण भागवत सत्संग तृतीय दिवस के अवसर पर पंडित केशव गुरु ने कहा भागवत रामायण दोनों में भगवान शिव की कथा के पश्चात ही राम एवं कृष्ण कथा का प्रारंभ हुआ है.नंदी धाम का स्वरूप है. इस पर विश्वास स्वरूप में शिवराज हैं अर्थात धर्म पर विश्वास और उसकी रक्षा करो, धर्म के चार चरण हैं.सत्य, तप, पवित्रता एवं दया इनको चरण इसलिए कहा गया है कि इनका आचरण करना आचार्य का प्रथम धर्म है.हमारे यहां धर्म को इस प्रकार परिभाषित किया है, यतो अभ्युदय हमारी आर्थिक, बौद्धिक, शारीरिक सब प्रकार से उन्नति हो, विकास हो और निश्रेयस सिद्धि अर्थात भक्ति मुक्ति की प्राप्ति हो, यह लोक भी सुधारे तथा परलोक भी सुधारे यह सब सत्य, तप, पवित्रता से ही बढ़ाया जाना संभव है. कथा में आपने भागवत के प्रथम स्कंद में कथा के दौरान बताया कि द्रौपदी दया स्वरूप है, इसके पति धर्म तब बल ज्ञान स्वरूप पांचो पांडव हैं अत: आपत्ती आने पर भगवान को बार-बार इनकी रक्षा के लिए स्वयं आना पड़ा.पितृ संबंधी कथा में आपने बताया कि मनुष्य का एक महीना, पितरों का एक दिन रात होता है.पितरों का श्राद्ध कृष्ण पक्ष में किया जाता है.क्योंकि कृष्ण पक्ष में चंद्रमा सूर्य के निकट रहता है.पितृ लोक चंद्रमा से ऊपर हैं अत: पितरों का इन 15 दोनों को एक दिन होता है. सूर्य चंद्रमा अपरान्ह काल में सर पर होते हैं अत: मध्यान कल में पितरों का भजन समय होता है.यह भजन मात्र अग्निबाण ब्राह्मण के माध्यम से ग्रहण करते हैं.ब्राह्मण तथा अग्नि दोनों समान माने गए हैं. पितृ व देवता सार भोगी हैं, द्रव्य की गंध से संतुष्ट होते हैं अत: पितरों को चावल, तिली प्रिय है.इन दोनों में गंध का गुण अधिक है.

## लुटेरी दुल्हन व उसके साथियों को किया गिरफ्तार, 5 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने लुटेरी दुल्हन व उसके साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने 5 आरोपी गिरफ्तार किए है. तथा 60 हजार रूपये का मसरूका एंव 5 मोबाईल व अन्य सामग्री जप्त की है. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर ने बताया कि थाना दीपनाखेडा पुलिस द्वारा लुटेरी दुल्हन व उसके साथियों को गिरफ्तार किया हैं.**

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूजा रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर 5 व्यक्तियों गिरफ्तार किया है. जिनमें रईस निवासी ईटखेडी भोपाल, रामजी वर्मा ग्राम समसबाडा थाना चोरई जिला छिंदवाडा, दीनाराम वर्मा ग्राम जुन्नारदेव जिला छिंदवाडा, पायल जैनवार थाना बजारिया जिला भोपाल, नंदनी चिमटे थाना पाढर जिला बैतूल शामिल है. उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को फरियादी सोनिका राजपूत ग्राम सांकला ने शिकायत की कि उनके बड़े भाई की शादी नही हो पाने के कारण मेरे घरवाले परेशान थे. तो हमने रिश्तेदारी में एवं अन्य लोगों से भाई सुरेन्द्र की शादी करवाने के लिये लडकी देखने किसी का फोन आया था. उसके बाद 23 जून को पीडित पक्ष शादी के लिये लडकी देखने भोपाल गये. उसी दिनांक को भोपाल लडकी जिसने अपना नाम पूजा शर्मा वताया था. पूजा शर्मा व उसके साथी रईस, पायल, रामजी वर्मा , दीनाराम वर्मा के साथ सिरोंज आये. जहा शपथ पत्र पर शादी करने के उपरांत पीडित पक्ष से डेढ लाख रूपये लेकर शादी कराई. शादी के वाद पूजा शर्मा पीडित पक्ष के साथ घर चली गई व पूजा शर्मा के साथी रूपये लेकर भोपाल चले गये. उसी रात पूजा शर्मा अपने साथियो के साथ घर से फरार हो गई थी. घटना के उपरांत पीडित पक्ष द्वारा पूजा शर्मा व उसके अन्य साथियो का जानकारी ली तो पूजा शर्मा का असली नंदनी चिमटे होना वताया. मामले आरोपीगणों के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रकरण के आरोपीगणों के गिरफ्तार कर 60 हजार रूपये का मसरूका एंव 5 मोबाईल फोन व घटना से संबंधित अन्य सामग्री जप्त की गई. प्रकरण के अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है.

**मैच** | **बालिका वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल आज, राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हुए रोचक मुकाबले**

# फाइनल में इंदौर व जनजाति कार्य विभाग की भिड़ंत

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, 69 वीं राज्यस्तरीय अंडर 19 शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इंदौर ने सागर को 3-1 से हराया. जबकि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जनजाति कार्य विभाग की टीम ने भोपाल को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई. वही शुक्रवार को बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला इंदौर एवं जनजाति कार्य विभाग की टीम के बीच होगा.**

बालिका वर्ग में गुरुवार को हुए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल ने इंदौर को 3- 0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई. बालिका वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शहडोल एवं ग्वालियर के बीच शुक्रवार को होगा. इसके बाद शुक्रवार को ही बालक एवं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले होंगे. साथ ही बालक बालिका वर्ग में तीसरे स्थान के लिए भी मैच खेले जाएंगे.



राज्यस्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में रोचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं. सांदीपनि विद्यालय मैदान पर आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को होगा. साथ ही बालक बालिका वर्ग में तीसरे स्थान के लिए भी मैच खेले जाएंगे. इसके पहले बालिका वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को होगा. जिसके साथ ही बीते चार दिनों से चल रही इस प्रतियोगिता का भी समापन होगा.

प्रतियोगिता में गुरुवार को बालक बालिका वर्ग में तीन सेमीफाइनल सहित 6 लीग मुकाबले हुए. जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में बालक वर्ग में गुरुवार को इंदौर एवं भोपाल तथा उज्जैन एवं नर्मदापुरम का मुकाबला 0-0 की बराबरी कर रहा. वही रीवा ने शहडोल को 3-0 से हराया. बालिका वर्ग में भोपाल ने उज्जैन को 1-0 से हराया. शहडोल ने इंदौर को 4-2 तथा ग्वालियर ने जबलपुर को 3-0 से हराया.

### बालक वर्ग के फाइनल में इंदौर व जनजाति कार्य विभाग

राज्यस्तरीय अंडर 19 शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरुवार को बालक वर्ग के दो सेमीफाइनल मुकाबले तथा बालिका वर्ग का एक सेमीफाइनल मुकाबला हुआ. सेमीफाइनल के इन मैचों में खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाने के लिए काफी मेहनत करते नजर आए. बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इंदौर ने सागर को 3-1 से हराया. जबकि दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जनजाति कार्य विभाग की टीम ने भोपाल को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई. वही शुक्रवार को बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला इंदौर एवं जनजाति कार्य विभाग की टीम के बीच होगा. बालिका वर्ग में गुरुवार को हुए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल ने इंदौर को 3- 0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई. जबकि दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शहडोल एवं ग्वालियर के बीच शुक्रवार को होगा.

## राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने स्वदेशी अपनाने दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** शासकीय माध्यमिक विद्यालय गंज के शहीद ऐ आजम भगतसिंह कक्ष मे भारतीय धर्म संस्कृति, योग प्राणायाम , स्वदेशी जागरण आत्मनिर्भर भारत,पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त अभियान, छात्र अनुशासन पर लगातार सक्रिय रहकर कार्य करते रहने वाले योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी सहित शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार करने वाले गुरूजनो प्रधानाध्यापक नवनीत जैन , सुधा जैन , साधना कुलश्रेष्ठ , अनीता ठाकुर , ज्योति भार्गव , धर्मेंद्र कुमार दिवाकर , मदन बाबू जाटव का सम्मान समारोह आयोजित किया गया.

योग गुरू कादरी ने सम्मान समारोह मे कहा हमे अपने राष्ट्र को महान बनाने और 2047 तक एक बेहतर विश्व में योगदान देने के विकसित भारत बनाने हमें स्वामी विवेकानंद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय , महात्मा गाँधी के दर्शन का अनुसरण करना होगा. समाज जागरण से पहले हमे स्व को जगाना होगा वेश भाषा भोजन विचार हर तरफ स्वदेशी अपनाना होगा तभी भारत आत्मनिर्भर भारत बनेगा.हमारा परिवार ही हमारे संस्कार की पहली पाठशाला होती है हमे अपने परिवार के अंदर भारतीय धर्म संस्कृति समाजोपयोगी मूल्यों की शिक्षा सुदृढ करनी होगी.एक अनुशासित राष्ट्र बनाने के लिऐ हम सबको अनुशासित नागरिक बनना होगा. राष्ट्र में शांति और समृद्धि के लिऐ सामाजिक समरसता छुआछूत मुक्त भेदभाव रहित वातावरण बनाना होगा. हमे अपने पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा विकास की अंधी दौड बडे बडे मकान बनाने पौधो वृक्षो की अंधाधुंध कटाई रोकनी होगी. इन सभी बातो पर अमल करके ही हम भारत माता को पुन: विश्व गुरू के सिंहासन पर विराजमान कर पाऐगे इन सभी सिद्धांतो को अपने दैनिक जीवन मे अपनाना ही होगा. इस अवसर पर अरुण कुशवाह संजना कुशवाह प्रिया अहिरवार कशिश अहिरवार तनु अहिरवार राखी कुशवाहा सविता भोई रागिनी यादव कनक भोई काजल अहिरवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए. अंत मे सभी ने अधिक से अधिक स्वदेशी अपनाऐ जाने का संकल्प लेकर शपथ ग्रहण की.

नि:शुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टार से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से